ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 24


## वक्फ कानून पर हिंसा-24 परगना में पुलिस की गाड़ियां जलाईं:प्रदर्शनकारियों ने हाईवे जाम किया; मुर्शिदाबाद में हालात सुधरे, 19 विस्थापित परिवार लौटे





वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा के बाद अब 24 परगना में प्रदर्शनकारियों और पुलिस की झड़प हुई। बसंती हाईवे पर बैरमपुर में पुलिस ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (ISF) के कार्यकर्ताओं को लेकर जा रही एक गाड़ी को रोका, जिससे अशांति फैल गई। दरअसल, भांगर, मिनाखा, संदेशखाली से ISF कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान सुबह 10 बजे हाईवे जाम कर दिया था। रामलीला मैदान जा रहे कार्यकर्ताओं ने पुलिस को घेर लिया। इन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। हाईवे पर हालात काबू में आ गए, लेकिन उग्र भीड़ ने शोणपुर में पुलिस की 5 बाइक में तोड़फोड़ की और उनमें आग लगा दी। कैदियों को ले जाने वाली वैन को पलटा दिया और उसमें भी तोड़फोड़ की। ये कार्यकर्ता इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी के कहने पर कोलकाता के रामलीला मैदान में होने वाली जनसभा में शामिल होने जा रहे थे। जनसभा के दौरान नौशाद ने ये आरोप लगाया कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों ही वोट बैंक की राजनीति के लिए पश्चिम बंगाल में धर्म से खेल रहे हैं। इन्हें आर्थिक विकास की कोई चिंता नहीं है।

### मुर्शिदाबाद में फोर्स की तैनाती के बाद हालात सुधरे, 19 परिवार लौटे

इधर, मुर्शिदाबाद में 10-12 अप्रैल बीच हुई हिंसा के बाद अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। सोमवार को ADG लॉ एंड ऑर्डर जावेद शमीम ने बताया- दुकानें खुलने लगी हैं। अब तक 19 विस्थापित परिवार अपने घर लौट चुके हैं। मालदा और मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन मिलकर लोगों की सुरक्षित वापसी करवा रहा है। शमीम ने कहा- अब तक 210 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पिता-पुत्र की हत्या मामले में अलग केस दर्ज किया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं। हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बैन है। BNS की धारा 163 भी लागू है।

## PM बोले- मुसलमानों से हमदर्दी, तो मुस्लिम अध्यक्ष बनाए कांग्रेस:वक्फ कानून का सही इस्तेमाल होता तो मुसलमानों को पंचर बनाने की जरूरत नहीं पड़ती



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (14 अप्रैल) हरियाणा दौरे पर रहे। सुबह करीब 10 बजे उन्होंने हिसार में हरियाणा के पहले एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। यहां से हिसार-अयोध्या फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद PM यमुनानगर पहुंचे। यहां उन्होंने 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट, कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास और रेवाड़ी बाइपास का उद्घाटन किया।

PM मोदी ने कहा, ''देश आजाद होने के बाद 2013 तक वक्फ का कानून चलता था। 2013 में कांग्रेस ने कानून में संशोधन कर दिया, ताकि चुनाव में वोट पा सकें। कानून को ऐसा बना दिया कि बाबा साहेब के संविधान की ऐसी-तैसी कर दी। इसका सही उपयोग होता तो मुसलमानों को साइकिल के पंचर बनाने की जरूरत नहीं होती।''

PM ने आगे कहा, ''कांग्रेस कहती है कि ऐसा मुसलमानों के हित में किया। मैं पूछना चाहता हूं कि अगर सच्चे मन से मुसलमानों के लिए थोड़ी भी हमदर्दी है तो कांग्रेस पार्टी अपनी पार्टी का अध्यक्ष किसी मुसलमान को बनाए, लेकिन इनके नेता ऐसा कुछ नहीं करेंगे। ये सिर्फ देश के नागरिकों के अधिकारों को छीनना चाहते हैं।''

1. हवाई चप्पल पहनने वाला भी जहाज में उड़ेगा

PM मोदी ने कहा, "अब श्रीकृष्ण जी की पावन भूमि हरियाणा, श्रीराम जी की भूमि अयोध्या से सीधी जुड़ गई है। बहुत जल्द हिसार से दूसरे शहरों के लिए भी उड़ानें शुरू होंगी। मेरा वादा रहा है कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज में उड़ेगा। 10 सालों में करोड़ों भारतीयों ने जीवन में पहली बार हवाई सफर किया है। हमने वहां भी नए एयरपोर्ट बनाए, जहां कभी अच्छे रेलवे स्टेशन तक नहीं थे। 2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे, 70 साल में 74। आज देश में एयरपोर्ट की संख्या 150 के पार हो गई है।"

2. कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण दिया

प्रधानमंत्री बोले, "हमें यह कभी नहीं भूलना है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के साथ क्या किया। कांग्रेस ने उन्हें 2 बार चुनाव हराकर अपमानित किया। कांग्रेस संविधान की भक्षक बन गई है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने पेंशन में भी एससी, एसटी, ओबीसी के अधिकार छीनकर धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया।''

3. कांग्रेस के लोग यूनिफॉर्म सिविल कोड का विरोध कर रहे

उन्होंने कहा, "कांग्रेस ने हमारे पवित्र संविधान को सत्ता हासिल करने का एक हथियार बना दिया है। जब-जब कांग्रेस को सत्ता का संकट दिखा, उन्होंने संविधान को कुचल दिया। कांग्रेस ने संविधान की स्पिरिट को कुचला। संविधान की भावना है कि सबके लिए एक जैसी नागरिक संहिता हो, जिसे मैं कहता हूं यूनिफॉर्म सिविल कोड (UCC), लेकिन कांग्रेस ने इसे लागू नहीं किया। उत्तराखंड में BJP सरकार आने के बाद UCC डंके की चोट पर लागू हुआ। संविधान को जेब में लेकर बैठे कांग्रेस के लोग उसका विरोध कर रहे हैं।"

## कर्नाटक में 5 साल की बच्ची से रेप की कोशिश,हत्या:आरोपी का एनकाउंटर



कर्नाटक में 5 साल की बच्ची से रेप की कोशिश, फिर उसकी हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने रविवार रात एनकाउंटर में मार गिराया। मुठभेड़ में एक सब इंस्पेक्टर समेत 3 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। घटना हुबली की है। आरोपी ने दिन में बच्ची को उसके घर के पास से ही अगवा किया था। वह उसे एक सुनसान जगह बने शेड में ले गया। यहां रेप की कोशिश की। बच्ची की चीख सुनकर लोग इकट्ठा हो गए। घबराकर आरोपी ने गला घोंटकर बच्ची की हत्या कर दी और फरार हो गया।

कुछ ही घंटों में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हुबली पुलिस कमिश्नर शशि कुमार ने कहा- पुलिस आरोपी को कुछ डॉक्यूमेंट्स और आइडेंटिटी वेरिफिकेशन के लिए उसके घर ले गई थी। उसने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर पत्थर से हमला किया।

पुलिस ने हवाई फायर किए, तब भी वह भागने की कोशिश करता रहा। पुलिस ने उस पर दो राउंड फायर और किए, जिसमें वह घायल हो गया। उसे तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी की पहचान बिहार के रितेश (35) के रूप में हुई है।

### जांच के लिए पटना भेजी गई टीम

पुलिस ने कहा- रितेश पिछले 3 महीने से हुबली में रह रहा था और पिछले कई सालों से घर से दूर था। यहां कंस्ट्रक्शन और होटलों में काम करता था। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जानकारी जुटाने के लिए एक टीम पटना भी भेजी गई है। इधर, घटना सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। कई लोग ने पुलिस थाने के सामने न्याय की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### पीड़ित परिवार को 10 लाख मुआवजा

हुबली से कांग्रेस विधायक अब्बय्या प्रसाद ने बताया कि सीनियर लीडर सलीम अहमद ने CM से बात करने के बाद पीड़ित के परिवार को हर साल 10 लाख रुपए के मुआवजे की घोषणा की है। साथ ही स्लम बोर्ड के अध्यक्ष के तौर पर मैं उन्हें यहां एक घर भी मुहैया करा रहा हूं।

## UP-राजस्थान समेत 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट: 5 डिग्री तक बढ़ सकता है कई शहरों का तापमान; आज 22 राज्यों में आंधी-बारिश के आसार




कुछ दिनों की आंधी-बारिश के बाद मौसम ने करवट ली है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, कल 15 अप्रैल से राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हीटवेव चलने की संभावना है। इससे तापमान 3-5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है।

मौसम विभाग ने आज सोमवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत 22 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। झारखंड के कुछ इलाकों में ओले भी गिर सकते हैं, जबकि ओडिशा में बिजली गिरने की आशंका है। राजस्थान-तेलंगाना के कुछ इलाकों में हीटवेव और गुजरात में उमस भरी गर्मी हो सकती है।

राजस्थान के पश्चिमी जिलों में आज से हीटवेव का नया दौर शुरू होगा। तापमान में 6 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। जोधपुर, बीकानेर और शेखावाटी संभाग में भीषण लू चलने की आशंका है। इस दौरान पाकिस्तान बॉर्डर के लगे इलाकों में तापमान 46 डिग्री तक जा सकता है।

दिल्ली-NCR के लोगों को फिर से 40 डिग्री की गर्मी का सामना करना होगा। बीते दिनों आंधी-बारिश से तापमान गिर गया था। सोमवार को तापमान 39 डिग्री के आसपास रहेगा, जबकि मंगलवार को 40 डिग्री के पार पहुंच जाएगा। 16 से 18 अप्रैल तक दिल्ली-NCR में भीषण गर्मी का यलो अलर्ट है।

## गुजरात में 1800 करोड़ की 300 किलो ड्रग्स जब्त:पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र में फेंककर भागे तस्कर; पाकिस्तानी बोट होने की आशंका



गुजरात में इंडियन कोस्ट गार्ड (ICG) ने 300 किलो ड्रग्स जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 1,800 करोड़ रुपए बताई जा रही है। जब्त ड्रग्स मेथामफेटामाइन हो सकता है। गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड (ATS) और कोस्ट गार्ड ने 12-13 अप्रैल की रात ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र से ड्रग्स की खेप को पकड़ा है।

गुजरात ATS से मिली जानकारी के बाद कोस्ट गार्ड ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (IMBL) की ओर सर्च के लिए जहाज भेजा था। अंधेरे के बीच कोस्ट गार्ड की टीम ने एक बोट को स्पॉट किया। बोट सवारों से पहचान बताने को कहा। इससे घबराए तस्करों ने ड्रग्स को समुद्र में फेंका और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भाग निकले।

कोस्ट गार्ड टीम ने समुद्र में फेंकी गई ड्रग्स को रेस्क्यू बोट की मदद से बाहर निकाला। बोट का कनेक्शन पाकिस्तान से होने की आशंका है। फिलहाल जांच के लिए जब्त की गई ड्रग्स को पोरबंदर में ATS को सौंप दिया गया है। गौरतलब है कि गुजरात ड्रग्स तस्करी का अहम रूट बनता जा रहा है। पिछले साल अप्रैल 2024 में भी ICG ने पोरबंदर के पास 86 किलो ड्रग्स (600 करोड़ की कीमत) पकड़ी थी। फरवरी 2024 में नौसेना और NCB ने 3300 किलो ड्रग्स जब्त की थी, जिसकी कीमत 1300 से 2000 करोड़ रुपए थी।

## मार्च में रिटेल महंगाई बढ़कर 4% पहुंच सकती है:फरवरी में घटकर 3.61% पर आ गई थी, कल शाम 4 बजे जारी होंगे आंकड़े



24 न्यूज अपडेट

मार्च में रिटेल महंगाई दर बढ़कर 3.8%-4% पर जा सकती है। इससे एक महीने पहले फरवरी में महंगाई 7 महीने के निचले स्तर 3.61% पर आ गई थी। वहीं जनवरी 2025 में महंगाई 4.31% थी। सांख्यिकी मंत्रालय कल यानी, मंगलवार 15 अप्रैल को महंगाई के आंकड़े जारी करेगा।

सब्जियों की कीमतों में मिलाजुला रुख है, जबकि सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यानी, खाने-पीने की महंगाई स्थिर रहने की उम्मीद है, लेकिन अन्य चीजों की महंगाई थोड़ी बढ़ सकती है। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है।

### फरवरी में रिटेल महंगाई:

फरवरी में महंगाई 7 महीने के निचले स्तर 3.61% पर आ गई।

खाने-पीने की महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 5.97% से घटकर 3.75% हो गई।

ग्रामीण महंगाई 4.59% से घटकर 3.79% और शहरी 3.87% से घटकर 3.32% हो गई।

## गोल्डमैन सैक्स ने जारी किया नया अनुमान:सोने का भाव पहुंच सकता है 1.30 लाख प्रति 10 ग्राम, अभी रिकॉर्ड हाई पर चल रहा

**इस साल अब तक 17,191 रुपए महंगा हुआ सोना**

₹76,162 — 31 दिसंबर 2024



₹93,353 — 14 अप्रैल 2025

कीमत रुपए प्रति 10 ग्राम में | सोर्स: IBJA

24 न्यूज अपडेट

अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना इंटरनेशनल मार्केट में 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.30 लाख रुपए तक जा सकते हैं।

विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने ये अनुमान जारी किया है। हालांकि ऐसा तभी होगा जब ट्रेड वॉर और मंदी का रिस्क बहुत ज्यादा बढ़ जाए। अगर ट्रेड वॉर और मंदी का रिस्क एक्स्ट्रीम लेवल पर नहीं पहुंचता है, तब भी सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है।

## मार्क जुकरबर्ग को बेचना पड़ सकता है इंस्टाग्राम-व्हाट्सएप:कॉम्पिटिशन खत्म करने के इरादे से प्लेटफॉर्म्स खरीदने का आरोप



24 न्यूज अपडेट

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स- फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम की पेरेंट कंपनी मेटा को अपने दो प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम को बेचना पड़ सकता है। वजह है कंपनी के खिलाफ अमेरिका के वाशिंगटन में एंटीट्रस्ट मामले की सुनवाई।

कंपनी पर US कॉम्पिटिशन एंड कंज्यूमर वॉच डॉग ने आरोप लगाया है कि उसने मार्केट के कॉम्पिटिशन खत्म करने और अपना एकाधिकार बनाने के लिए 2012 में इंस्टाग्राम (1 बिलियन डॉलर) और 2014 में व्हाट्सएप (22 बिलियन डॉलर) को खरीद लिया था।

### FTC केस जीतता है तो बेचने पड़ सकते हैं प्लेटफॉर्म

व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम को खरीदने के लिए फेडरल ट्रेड कमीशन (FTC) ने ही परमिशन दी थी। लेकिन नियमों के तहत FTC को डील के परिणाम को भी मॉनिटर करना होता है। इसलिए उसे मेटा के खिलाफ मामला दर्ज करना पड़ा। अगर (FTC) केस जीत जाता है तो वह मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप दोनों को बेचने के लिए मजबूर कर सकता है।

### जुकरबर्ग और पूर्व COO को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है

रिपोर्ट के मुताबिक, जुकरबर्ग और कंपनी की पूर्व चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (COO) शेरिल सैंडबर्ग दोनों को इस मुकदमे में सुनवाई के दौरान पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। एंटी ट्रस्ट केस की सुनवाई 6 हफ्तों से ज्यादा चल सकती है।

## संपादकीय : आतंक की चुनौती

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर काबू पाने के लिए हर स्तर पर किए गए उपायों के बावजूद आज भी वहां आए दिन जिस तरह के आतंकी घुसपैठ और हमले होते हैं, उससे यही लगता है कि वहां इस समस्या की जड़ें गहरी बनी हुई हैं। वरना क्या वजह है कि हर कुछ दिनों बाद सुरक्षा बलों की आतंकियों के साथ मुठभेड़ होती रहती है और उसमें कभी कुछ आतंकी मारे जाते हैं, तो कई बार हमारे जवान भी शहीद हो जाते हैं। म इस स्थिति में एक तरह की निरंतरता बनी हुई है, जिसकी बड़ी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है। गौरतलब है कि जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा यानी एलओसी पर आतंकियों ने घुसपैठ करने की कोशिश की। मगर सतर्क जवानों ने शुक्रवार देर रात केरी भट्टल इलाके में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक समूह को देखा और उन्हें चुनौती दी। इसके बाद आतंकियों ने भीषण गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि सुरक्षा बलों ने आतंकियों की भारत में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी, लेकिन यह दुख की बात है कि इस मुठभेड़ में भारतीय सुरक्षा बलों के एक सूबेदार घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। विडंबना यह है कि जम्मू-कश्मीर में तमाम सख्ती के बावजूद पिछले कुछ समय से एक बार फिर आतंकवाद एक जटिल रूप में उभर रहा है। हर कुछ दिनों बाद आतंकी कभी राज्य के अलग-अलग इलाकों में आम नागरिकों से लेकर सुरक्षा बलों की शिविरों तक पर हमले करते हैं, तो कभी सीमा पार के इलाकों से भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश करते हैं बाहरी प्रदेशों से आकर वहां गुजारा करने वाले प्रवासी मजदूरों और अन्य स्थानीय लोगों पर लक्षित हमले करना भी आतंकियों की एक नई रणनीति है । शनिवार को यह खबर आई कि किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा बलों की ओर से चलाए गए एक अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। इस तरह की हर घटना के बाद क्षेत्र से आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प दोहराया जाता है, मगर यह भी सच है कि पिछले काफी समय से इस तरह के संकल्पों और उपायों के बाद भी हालत यह है कि सुरक्षा बलों का सामना आतंकियों से होता है अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि घुसपैठ की ताजा घटना भारत और पाकिस्तान के बीच जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सीमा प्रबंधन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए ब्रिगेड कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग के दो दिन बाद हुई है। हाल में पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का भी उल्लंघन किया गया। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि सरकार और सुरक्षा बलों की ओर आतंकवाद का सामना करने के मामले में क्या किसी अन्य उपाय की जरूरत है! इसमें कोई दोराय नहीं है कि आतंकवादियों का सामना करने और उन पर काबू पाने के लिए सुरक्षा बलों की ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। यही वजह है कि आज जम्मू-कश्मीर में आतंकी अपने लिए खुला मैदान नहीं पाते हैं। जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू होने के बाद उम्मीद की गई थी कि नई सरकार आतंकवाद के खात्मे के लिए जमीनी स्तर पर कुछ ऐसे कदम उठाएगी, जिससे आतंकियों की पकड़ कमजोर हो । अब स्थानीय लोग भी इस समस्या से पार पाने के लिए खड़े हो रहे हैं और आतंकियों को उनका समर्थन मिलना तेजी से कम हो रहा है। फिर भी अपनी उपस्थिति का संदेश देने के लिए आतंकी अक्सर हमले करते रहते हैं तो इससे यही पता चलता है कि राज्य में अभी इस समस्या को खत्म करने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

## बाधित सुविधा

करीब एक दशक पहले किसी ने सोचा नहीं था कि यूपीआइ से लेनदेन की नई प्रणाली उनकी जिंदगी बदल देगी। बहुत सारे लोगों के लिए धन हस्तांतरण से लेकर बिजली- पानी के बिलों को भरना और कहीं भी कुछ भी खरीदारी करना आसान हो गया। अब एक तरह से लोगों की जेब में बैंक है, जिसके जरिए वे कभी भी डिजिटल लेन-देन कर सकते हैं। मगर यूपीआइ से भुगतान में कुछ जोखिम और चुनौतियां भी हैं, जिनका निवारण अभी तक नहीं किया जा सका है। कई तरह की ठगी, खाते से पैसे उड़ा लिए जाने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। मगर इसके अलावा लेन-देन में विफलता आम समस्या है जो आमतौर पर नेटवर्क की दिक्कत या 'सर्वर डाउन' हो जाने से पैदा होती है। हैरत की बात है कि पिछले कुछ समय से यूपीआइ के जरिए लेन-देन में अड़चन की स्थिति बार - बार आने के बावजूद उसे दूर करने के ठोस प्रयास नहीं हो रहे हैं। यह विचित्र विरोधाभास है कि एक ओर नागरिकों को डिजिटल भुगतान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो दूसरी ओर उन्हें तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले पंद्रह दिनों में तीसरी बार शनिवार सुबह जो दिक्कत शुरू हुई, वह दोपहर तक जारी रही। इस बीच सैकड़ों लोगों ने इसकी शिकायत की। सवाल है कि अगर बार-बार व्यवधान होगा, तो लोग डिजिटल लेन-देन को कैसे सुविधाजनक और सुरक्षित मानेंगे। यह सच है कि यूपीआइ ने भारत में भुगतान परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है। देश-दुनिया के किसी हिस्से में बैठा भारतीय अब यूपीआइ के जरिए लेन-देन करने लगा है। बड़ी संख्या में एक वर्ग डिजिटल भुगतान में दक्ष हो गया है। मगर इस क्रम में साइबर जोखिम के साथ जो तकनीकी दिक्कतें सामने आ रही हैं, यह चिंता का विषय है। इससे उनका डिजिटल लेनदेन से विश्वास टूटेगा उनमें ऐसी आशंका भी पैदा होंगी कि उनका भेजा पैसा कहीं अटक न जाए। ऐसे में लोग पारंपरिक भुगतान को फिर से प्राथमिकता देने लगेंगे। लगातार उन्नत हो रही तकनीक के बावजूद अगर डिजिटल लेन-देन में विफलता सामने आती है, तो जाहिर है कि इसमें कोई तकनीकी कमी है। ऐसे में डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे नागरिकों के कदम ठिठक सकते हैं।

# नेहरू गार्डन जल्द आमजन और पर्यटकों के लिए खुलेगा–कलेक्टर मेहता ने दिए निर्देश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 14 अप्रैल। विश्वविख्यात फतहसागर झील के मध्य अवस्थित आइलैंड नेहरू गार्डन का जिला कलेक्टर नमित मेहता ने सोमवार को दौरा कर वहां की निर्माणाधीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नेहरू गार्डन को शीघ्र ही पर्यटकों एवं आमजन के लिए खोलने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जाए। यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि कार्य अंतिम चरण में चल रहा है शीघ्र यह आमजन के लिए खोल दिया जाएगा।

### फव्वारे, पार्क और फ्लोटिंग रेस्त्रां का लिया जायजा, साफ -सफाई पर विशेष ध्यान देने के दिये निर्देश

कलेक्टर मेहता ने यूडीए अधिकारियों के साथ नेहरू गार्डन के जेटी पॉइंट, पार्क, फव्वारे तथा फ्लोटिंग रेस्त्रां समेत अन्य विकसित सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने निर्माण संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी। कलेक्टर मेहता ने निर्देश दिए कि झील में कचरा न फैले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि रखरखाव और संचालन व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए ताकि आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके।

### भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर हो विकास

कलेक्टर ने कहा कि उदयपुर की ख्याति के अनुरूप भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधारभूत संरचनाएं विकसित की जा सकती हैं। इसके साथ ही उन्होंने यूडीए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के विभिन्न छोटे चौराहों के सौंदर्यीकरण के लिए भी बजट का प्रावधान किया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर विकास प्राधिकरण (यूडीए) आयुक्त राहुल जैन, यूडीए सचिव हेमेंद्र नागर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजस्थान अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह में जागरूकता अभियानः शाहिद वीरों को श्रद्धांजलि और जनता के लिए वाहन रैली व डेमो




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर – 14 से 20 अप्रैल 2025 तक मनाया जाने वाला राष्ट्रीय अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह "UNITE TO IGNITE, A FIRE SAFE INDIA" के स्लोगन के तहत, आग से बचाव और तत्काल प्रतिक्रिया पर केंद्रित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर जहाज में अचानक लगने वाली भीषण आग में 66 जवानों ने आग पर काबू पाते-पाते अपनी जान न्योछावर कर देश के लिए अमिट बलिदान दिया था। उन वीर शहीदों की याद में राजस्थान की अग्निशमन सेवाओं द्वारा इस सप्ताह के दौरान जन-सचेतना अभियान चलाया जा रहा है।

नगर निगम के फायर ऑफिसर बाबू लाल चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर शाहिद वीरों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही, शहरवासियों में आग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली में शहर के नागरिकों को आग लगने की स्थिति में तुरंत बचाव कार्य करने के सही तरीके समझाए गए।

इसके अतिरिक्त, एक डेमो कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें यह दर्शाया गया कि आपातकालीन स्थिति में आग पर कैसे काबू पाया जा सकता है। इस कार्यक्रम के दौरान आग बुझाने के सही तरीके, सुरक्षित निकासी मार्ग, तथा प्राथमिक बचाव तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

# विजय आहुजा निर्विरोध बने सिंधी सेंट्रल युवा सेवा समिति के अध्यक्ष



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। सिंधी युवाओं के विभिन्न संगठनों के साझा मंच सिंधी सेंट्रल युवा सेवा समिति की रविवार को झूलेलाल भवन में आयोजित बैठक में समाजसेवी विजय आहुजा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। सिंधी समाज के 30 संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक राय से समाजसेवी विजय आहुजा के नाम का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी ने हर्षध्वनि के साथ समर्थन किया। इसके बाद आहुजा का विभिन्न युवा संगठनों की ओर से भव्य स्वागत किया गया। विजय आहुजा ने 24 न्यूज अपडेट से बातचीत में बताया कि शीघ्र ही कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा तथा समाज हित में संगठन की ओर से किए जा रहे विभिन्न कार्यों को निरंतर रखते हुए नए सेवा कार्यों को भी सभी युवाओं के सहयोग से संपन्न किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष गिरीश राजानी ने की। उन्होंने संगठन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, उसके बाद चुनाव की घोषणा की गई, जिसमें सर्वसम्मति से विजय आहुजा को तीन वर्ष के लिए अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन प्रतापराय चुघ, हरीश राजानी, मनोज कटारिया, किशोर जांबानी, हेमंत गखरेजा, उमेश नारा, प्रकाश चंदानी, युवा अध्यक्ष राहुल निचलानी, मनीष गुरानी, प्रेम तलरेजा, महेश बजाज, मुकेश खिलवानी, भरत खत्री, राजेश खत्री, जितेंद्र कालरा, चंद्रप्रकाश मंगवानी सहित पंचायतों के अध्यक्षों ने आहुजा का स्वागत किया। इस संगठन का ध्येय समाज के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़कर सेवा कार्यों का सफल संपादन करना है।

### "सेवा परमो धर्मः"

आहुजा ने बताया कि संगठन की ओर से जो सेवा कार्य किए जाते हैं, उनमें हर साल दो से तीन विभिन्न मोहल्लों में ब्लड डोनेशन कैंप, क्रिकेट टूर्नामेंट, चेटीचंड के सात दिवसीय समारोह में सभी संगठनों के युवाओं की भागीदारी, स्नेह मिलन, महिलाओं का सम्मान समारोह, कानूनी परामर्श शिविर, सामूहिक विवाह समारोह आदि शामिल हैं। गौरतलब है कि विजय आहुजा वर्तमान में भाजपा मंडल अध्यक्ष, बिलाचिस्तान पंचायत के महासचिव और झूलेलाल सेवा समिति के अध्यक्ष हैं।

उन्होंने कहा कि कार्यकाल में यह प्रयास रहेगा कि— चेटीचंड के जुलूस में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी हो।

### हर युवा संगठन की झांकी निकले।

सामूहिक विवाह समारोह में युवा बढ़-चढ़कर भाग लें। हर संगठन की ओर से चिकित्सा शिविर लगाया जाए। वृद्धावस्था पेंशन शिविर सहित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए निःशुल्क कैंप आयोजित किए जाएं। 65 वर्ष से अधिक आयु के समाजजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।

### ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाए।

एकल नारी, विधवा पेंशन, पालनहार, प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को संगठन स्तर पर जोड़ते हुए सुविधाएं प्रदान की जाएं। आहुजा ने यह भी कहा कि उनका ध्येय बाहर पढ़ रहे युवाओं को समाज से सक्रिय रूप से जोड़ना है, ताकि वे समाज के विकास में योगदान दे सकें। साथ ही, महिला संगठनों के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का संदेश देना भी संगठन की प्राथमिकता रहेगी।

# मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड़ चौखला की मासिक बैठक संपन्न भामाशाह का किया सम्मान



24 न्यूज अपडेट

मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड़ चौखला की मासिक बैठक दिनांक 13 अप्रैल 2025 रविवार को दरौली स्थित मां श्रीयादे मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता चोखला अध्यक्ष गणेश लाल प्रजापत घासा ने की। उन्होंने बताया कि मंदिर विकास को लेकर समाज के भामाशाहों को आगे आकर अपना योगदान देना होगा। महामंत्री लक्ष्मी लाल प्रजापत सांगवा ने बताया कि बैठक के दौरान जल मंदिर निर्माण के भामाशाह रामलाल प्रजापत दरौली द्वारा निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करवा दिया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर में 12 एलईडी लाइट प्रदान करने वाले भामाशाह सतीश कुमावत डबोक का समाज द्वारा पगड़ी और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। संयुक्त महामंत्री डीसी प्रजापत बिठौली ने बताया कि मंदिर परिसर में भामाशाह मदन प्रजापत साकरोदा की ओर से कमरा निर्माण का कार्य शीघ्र ही शुरू करवा दिया जाएगा। सह सचिव कालू प्रजापत ने बताया कि मंदिर विकास को लेकर नवीन कार्यों को करने का प्रस्ताव भी तैयार कर लिया गया है। स्नेह भोज मांगीलाल पुत्र लालु जी प्रजापत घासा कीओर से रखा गया ।मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष देवीलाल सराय थे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगीलाल इन्टाली, उदय लाल खेड़ी प्रेमलाल माल की टूस,मांगीलाल सांगवा, कोषाध्यक्ष रामलाल, जगदीश दरौली ,सोहनलाल सराय, दीपचंद घासा,नारायण साकरोदा, शंकरलाल रामलाल बागथल, शंकरलाल, मांगीलाल खेड़ी अंबालाल शंकर लाल नवानिया, झालू रख्यावल सोहनलाल बिठौली,उदय लाल प्रकाश डालचंद भटेवर, धनराज सराय, देवीलाल भैंसडा, कन्हैया लाल सह कोषाध्यक्ष भगवानलाल,पूनम चंद, मांगीलाल साकरोदा पूर्व सचिव खेमराज,बाबूलाल, गणेशलाल मांगीलाल इन्टाली, गोवर्धन लाल, डालचंद शिशवी,धनराज भलों का गुडा, गणेश, गमेर लाल, लोगरलाल,रामलाल,नारायणलाल दरौली, गोवर्धनलाल, रतन लाल, हीरालाल घासा, रूपलाल ढावा, रतनलाल, हीरालाल कुण्डई सहित समाज के सैकड़ो प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर समता और समाजिक न्याय का संदेश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर – संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर समता-समाज की स्थापना और जातीय एवं आर्थिक असमानता के खिलाफ संघर्ष की भावना को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। मुख्य समारोह 14 अप्रैल 2025 को आयोजित किया गया , जिसके पहले सुबह 9 बजे एक रैली निकाली गई । रैली का प्रारंभ अम्बेडकर सर्कल से होगा। इसमें शास्त्री सर्कल होते हुए टाउन हॉल, सूरजपोल, देहलीगेट, अश्विनी बाजार, हाथीपोल, चेटक सर्कल होते हुए पुनः अम्बेडकर सर्कल पर पहुँचते हुए मुख्य समारोह स्थल तक पहंची । मार्ग पर स्वागत द्वार लगाए जाएंगे ताकि रैली में भाग लेने वाले लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया । मुख्य समारोह में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। संगठन मंत्री देवीलाल दाणा ने बताया कि 200 प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान किया गया । महिलाओं के प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती ललीता कल्याणा ने कहा कि महिलाएं 101 नीली सांड़ों में रैली में भाग लिया । साथ ही वसीटा समाज और खटीक समाज के पहलवान, गौरीशंकर और दीपेश चौहान द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन भी किया गया । उदयपुर प्रवास पर आए पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कार्यक्रम में भाग लेकर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। राज्यपाल ने प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया और कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपने जीवन में कई कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन आज पूरा देश उनके दिखाए मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके बनाए संविधान की वजह से ही आज देश का लोकतंत्र मजबूत है। महासचिव गोपाल कोटिया ने कार्यक्रम में बताते हुए कहा कि आज भी गांवों में छुआछूत जैसी समस्याएँ व्याप्त हैं, जिन्हें पूरे हिंदू समाज के सहयोग से जड़ से खत्म करना जरूरी है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में समानता और न्याय का संदेश फैलाना है।

इस तरह डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह और रैली ने समाज में समता, न्याय और परिवर्तन की भावना को प्रबल किया है।

# पक्षी प्रेमियों ने लगाए परिंडे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भीषण गर्मी के इस दौर में पक्षियों की सेवा के लिए राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर द्वारा जगह जगह परिंडे लगाने और आमजन को निशुल्क परिंडा वितरण का अभियान लगातार जारी है। संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि रविवार को उदयपुर शहर से करीब 78 किलोमीटर दूर सलूंबर जिले में स्थित खोलड़ी गांव में परिंडे लगाए गए। समाजसेवी गंगाराम शर्मा ने खाखल देव जी मंदिर के पास परिंडा लगाया। उसके बाद संस्थान की टीम ने मंदिर के आसपास और हनुमान मंदिर के सामने परिंडे लगाए।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने महिला नेता को बताया एक्सपोर्ट क्वालिटी:नेता प्रतिपक्ष जूली बोले- ये बीजेपी नेताओं की मानसिकता, महिला शक्ति का कर रहे अपमान




**24 न्यूज अपडेट**

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने अपनी ही पार्टी की महिला नेता को 'एक्सपोर्ट क्वालिटी' बता दिया। राठौड़ ने कहा- हम भी बिहार चुनाव में जाएंगे। मैंने तो कहा है कि वहां की एक्सपोर्ट क्वालिटी हमारे समाने बैठी है। इनको भी वहां भेजूंगा, सब को भेजूंगा।

उन्होंने कहा- आपके कंधे से कंधा लगाकर हम सब खड़े रहेंगे। बिहार को विकासशील से विकसित प्रदेश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हम सब निश्चित रूप से पूरा सहयोग करेंगे।

मदन राठौड़ के अचानक इस तरह से बोलने पर महिला नेता भी झेंप गई। वहीं, समारोह में मौजूद अन्य नेताओं में भी इस बयान की चर्चा रही।


दरअसल, मदन राठौड़ रविवार रात जयपुर में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रवासी स्नेह मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मदन राठौड़ के इस बयान को कांग्रेस ने शर्मनाक बताया है।

ऐसे शब्द महिलाओं को लेकर बीजेपी की मानसिकता को दर्शाते हैं

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के इस बयान को लेकर अब कांग्रेस उन पर हमलावर है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अपने X अकाउंट पर पोस्ट करके लिखा- बेहद शर्मनाक। ऐसे मर्यादाहीन शब्द महिला शक्ति को लेकर भाजपा नेताओं की मानसिकता बताते हैं।

# SMS अस्पताल में बन रहे एक्सीलेंस ऑफ कार्डियक सेंटर का इंतजार हुआ लंबा, निर्माण कार्य अभी भी अधूरा



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुरः दिल के मरीजों के इलाज के लिए जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में एक्सीलेंस ऑफ कार्डियक सेंटर बनाया जा रहा है. दावा किया गया था कि प्रदेश की बीजेपी सरकार जब अपने कार्यकाल का एक साल पूरा करेगी, तब इस कार्डियक सेंटर की सौगात आम जनता को दी जाएगी, लेकिन बीजेपी सरकार अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा कर चुकी है, इसके बाद भी इस कार्डियक सेंटर को तैयार नहीं किया जा सका है. इस एक्सीलेंस ऑफ कार्डियक सेंटर में विशेष रूप से दिल के मरीजों का इलाज होगा, जहां हर तरह की सुविधाएं मरीज को उपलब्ध कराई जाएंगी. जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. दीपक माहेश्वरी का कहना है कि सोमवार को जेडीए की टीम इस सेंटर का दौरा करने पहुंची थी और निर्माण प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं.

दरअसल, इस सेंटर का उद्घाटन छह महीने पहले हो जाना चाहिए था. डॉ. माहेश्वरी का कहना है कि आगामी 2-3 महीनों में यह सेंटर शुरू कर दिया जाएगा. इसके साथ ही एक्सीलेंस ऑफ कार्डियक सेंटर में आने वाले हृदय रोगियों को एक ही छत के नीचे इलाज मिल सकेगा. माहेश्वरी का दावा है कि पूरे देश में इस तरह का कोई "एक्सीलेंस सेंटर" अभी तक नहीं बना है. यह मिलेंगी सुविधाएंः एक्सीलेंस ऑफ कार्डियक सेंटर में मरीजों को एक ही छत के नीचे सभी इलाज की सुविधाएं मिलेंगी. इस केंद्र में अलग से एमआरआई, सीटी स्कैन, टीएमटी, होल्टर, आइसोटोप लैब और 2D ईको की सुविधाएं मरीजों को मिलेंगी. इसके अलावा अत्याधुनिक आईसीयू की सुविधा भी मरीजों को यहां पर अलग से उपलब्ध कराई जाएगी. डॉ. दीपक माहेश्वरी का कहना है कि पिछले कुछ समय से हृदय रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, ऐसे में इस केंद्र के माध्यम से मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा.

**दो चरणों में पूरा होगा निर्माणः** सवाई मानसिंह अस्पताल में एक्सीलेंस ऑफ कार्डियक सेंटर के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है. इस केंद्र का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा. मौजूदा समय में सवाई मानसिंह अस्पताल में एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी के लिए चार कैथ लैब हैं. "एक्सीलेंस ऑफ कार्डियक सेंटर" के बनने के बाद कैथ लैब की संख्या बढ़कर छह हो जाएगी.

# ई-मार्केटिंग साइट्स से मोबाइल खरीद रहे हैं तो हो जाएं सावधान, साइबर ठगी का हो सकते हैं शिकार



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर : ई-मार्केटिंग वेबसाइट्स या ऐप से मोबाइल खरीदने पर सतर्कता बरतनी बहुत जरूरी है. इन वेबसाइट्स और ऐप पर चोरी के मोबाइल भी बेचे जा रहे हैं. ऐसे में बिना पड़ताल किए मोबाइल खरीदने पर आपको लेने के देने पड़ सकते हैं. इसके साथ ही शातिर बदमाश इन मोबाइल को हैक करके भी बेच रहे हैं, जिससे यूजर्स की निजी जानकारी साइबर अपराधियों तक पहुंच रही है और वे साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं. ऐसे में ऑनलाइन मोबाइल खरीदते समय सावधानी नहीं बरतने पर आपको इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है.

सस्ते मोबाइल का झांसा देकर बनाते हैं शिकार : जयपुर (पूर्व) डीसीपी तेजस्विनी गौतम का कहना है कि ऑनलाइन माध्यम से या ई-मार्केटिंग साइट्स से मोबाइल खरीदते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए. अगर सील टूटी हुई है या ब्रोकन मोबाइल है या लगता है कि मोबाइल उपयोग में लिया हुआ हो तो ऐसे मोबाइल तो तुरंत लौटा देना चाहिए. ऐसा देखने में आया है कि साइबर अपराधी ई-मार्केटिंग साइट्स के जरिए सस्ते मोबाइल का झांसा देकर चोरी का मोबाइल थमा देते हैं.

**साइबर ठगी का शिकार भी बना सकते हैं बदमाश** : उन्होंने कहा कि ऐसे मोबाइल हैक हो सकते हैं या उनमें वायरस हो सकता है. ऐसे मोबाइल में जब यूजर्स कोई भी जानकारी दर्ज करता है तो वह जानकारी तुरंत साइबर ठगों के पास पहुंच जाता है. इसके जरिए साइबर ठग आसानी से साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम दे सकते हैं. उन्होंने कहा कि सजग रहकर न सिर्फ चोरी का मोबाइल खरीदने से बचा जा सकता है, बल्कि साइबर ठगी से भी बचा जा सकता है. इस तरह की घटना होने पर तुरंत पुलिस को जानकारी देनी चाहिए.

# जोधपुर में घर से भागी पत्नी पर पति ने किया-केसःकोर्ट के जरिए मामला दर्ज करवाया; दवाई लाने की कहकर निकली थी, लौटी नहीं



**24 न्यूज अपडेट**

जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के बनाड़ थाने में एक व्यक्ति ने कोर्ट के जरिए धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया। बताया कि शादी के 3 साल बाद पत्नी घर से सोने चांदी के जेवरात और नगद रुपए साथ में लेकर चली गई। बाद में किसी दूसरे युवक के साथ रहने लग गई। इसको लेकर रिपोर्ट दी गई है।

दवाई लेने निकली थी, लौटी ही नहीं थाने में विशनाराम मेघवाल ने बताया कि उसकी शिवानी के साथ 16 जून 2021 को चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में शादी हुई थी। शादी के बाद उनके एक बेटी भी हुई। आरोप है की शादी के करीब 3 साल बाद शिवानी अपने घर से बेटी को पावटा अस्पताल जाकर दवाई लाने का बोलकर निकली जो आज तक वापस नहीं लौटी। इस दौरान वह बेंगलुरु में था इस पर अपने भाई को भेज कर बना थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## किसी और के साथ रहने लगी

बाद में घर में तलाशी लेने के दौरान अलमारी से सोने चांदी के जेवरात और 20 हजार रुपए नगद गायब मिले। वहीं आसपास की जगह पर पता करने पर सामने आया कि उसकी पत्नी किसी अन्य युवक के साथ रहने लग गई है और उसी के कहने पर उसने घर से जेवरात और नगद रुपए चुरा दिए। इसकी रिपोर्ट बनाड़ थाने में देने के बावजूद पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। इसके बाद उन्होंने कोर्ट के जरिए मामला दर्ज करवाया।

# एईआई के 9 पर वैकेंसी, कल से करें अप्लाईःलास्ट डेट 14 मई; डिप्टी कमांडेन्ट और जूनियर केमिस्ट के पदों पर आवेदन जारी




**24 न्यूज अपडेट**

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से निकाली गई ऊर्जा विभाग में सहायक विद्युत निरीक्षक के 9 के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 अप्रैल से शुरू होंगे। इसके लिए 14 मई 2025 की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में बाद में सूचित कर दिया जाएगा। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचनाएं आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**ऐसे करें अप्लाई-** अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर क्लिक करना होगा या SSO पोर्टल https://sso.rajasthan.gov.in से लॉगिन करना होगा।

इसके बाद सिटिजन ऐप (G2C) में अवेलेबल रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (OTR) करना होगा।

पहली बार OTR करने के लिए अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, लिंग, सेकेंडरी/समकक्ष परीक्षा और आधार कार्ड/पैन कार्ड/वोटर कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस में से किसी एक आईडी प्रूफ का डिटेल और डॉक्युमेंट अपलोड करना अनिवार्य है।

लॉगिन कर सिटिजन ऐप (G2C) में उपलब्ध रिक्रूटमेंट का चयन कर अपने OTR नंबर के आधार पर ऑनलाइन आवेदन करें।

वन टाइम रजिस्ट्रेशन करने के बाद ओटीआर प्रोफाइल में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाना संभव नहीं होगा।

**इन पदों के लिए भर्ती प्रोसेस जारी-** गृह रक्षा विभाग में डिप्टी कमांडेंट के 4 पदों पर निकाली गई भर्ती के लिए आवेदन प्रोसेस जारी है। ऑनलाइन आवेदन 24 मार्च से शुरू हुए। 22 अप्रेल 2025 की रात्रि 12 बजे तक लास्ट डेट है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कनिष्ठ रसायनज्ञ के 13 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रोसेस जारी है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 8 मई की रात तक किए जा सकेंगे।

# चोरी की गाड़ियां खरीद एमपी-पंजाब तक ड्रग तस्करी, 5 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे




**24 न्यूज अपडेट**

जयपुरः ड्रग तस्करी के लिए चोरी की गाड़ियां खरीदने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी (क्राइम ब्रांच) ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनमें दो दलाल और तीन खरीदार शामिल हैं. सीएसटी ने उनके कब्जे से चोरी की दो लग्जरी गाड़ियां और 3.84 लाख की नकदी भी जब्त की है. इस रकम से आरोपी चोरी की गाड़ियों की डील करने वाले थे. पड़ताल में सामने आया है कि यह गैंग चोरी के वाहनों से मध्यप्रदेश से लेकर पंजाब तक ड्रग तस्करी करते हैं.

सभी आरोपी जयपुर से बाहर केः डीसीपी (क्राइम) कुंदन कंवरिया ने बताया कि इस गिरोह में चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त में दलाली करने वाले ब्यावर जिले के खेड़ी का खेड़ा निवासी नरेंद्र उर्फ नरेश काठात, मेदा का बाड़िया (ब्यावर) निवासी सोनू काठात को गिरफ्तार किया है. इसी प्रकार खरीदार कोटड़ी (भीलवाड़ा) निवासी जमनलाल जाट, अजमेर के विश्राम बाड़ी गोवलिया निवासी संजय सिंह और कोटड़ी निवासी मुकेश को गिरफ्तार किया है.

# कॉलेज प्रिंसिपल पर व्हाट्सएप पर अश्लील चैट करने का आरोप, छात्राओं की शिकायत राज्य सरकार को भेजी




**24 न्यूज अपडेट**

कोटा : जिले में संचालित एक गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने प्रिंसिपल पर व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज करने के आरोप लगाए हैं. साथ ही कुछ छात्राओं के ग्रुप को चैंबर में बैठाए रखने के आरोप भी लगाए हैं. लड़कियों का आरोप है कि बात नहीं मानने पर कम नंबर और फेल करने की धमकी दी गई. इस मामले में छात्राओं ने कॉलेज की नोडल ऑफिसर डॉ. सीमा चौहान को शिकायत की थी. इसके बाद छात्राओं को लेकर वे कॉलेज एजुकेशन विभाग के सहायक निदेशक डॉ. विजय पंचोली के पास पहुंचीं थीं. छात्राओं की दी गई लिखित शिकायत को आयुक्तालय जयपुर भेज दिया गया है. अभी इस संबंध में कोई जवाब राज्य सरकार से नहीं आया है. इस संबंध में पुलिस तक कोई शिकायत नहीं पहुंची है. वहीं, प्रिंसिपल ने आरोपों को नकार दिया है.

**छात्राएं बोलीं- अश्लील हरकतें करते हैं** : लड़कियों का आरोप है प्रिंसिपल उन्हें अश्लील मैसेज भेजते हैं. चार-पांच लड़कियों के ग्रुप को चैंबर में बैठाकर रखते हैं. गार्ड से दरवाजा लगा दिया जाता है. इस दौरान किसी दूसरे को मिलने नहीं दिया जाता है. इस ग्रुप में कभी एक लड़की होती है, कभी दो से पांच तक होती है. उन्होंने आरोप लगाया कि बीते साल दिसंबर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था. उस समय भी लड़कियों में आपस में झगड़ा हो गया था. आरोप लगे थे कि जो लड़कियां प्रिंसिपल की खास हैं, उनको ज्यादा वेटेज देते हैं. माउंट आबू और चित्तौड़गढ़ की विजिट पर भी यह लोग गए थे, तब भी दो-तीन लड़कियों को अपनी कार से लेकर गए थे, बाकी लड़कियों को बस में बैठा दिया था.

**यही कर सकते हैं जांच** : बता दें कि असिस्टेंट डायरेक्टर प्रिंसिपल के खिलाफ सीधी कमेटी गठित नहीं कर सकते हैं. यह संयुक्त निदेशक या फिर पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल ही कर सकते हैं. आयुक्तालय से दिशा निर्देश मिलने के बाद मामले में आगे जांच शुरू हो जाएगी. लगातार चल रही छुट्टियों के चलते जांच कमेटी गठित नहीं हुई है. अब 15 अप्रैल को कॉलेज खुलेंगे.

**प्रिंसिपल ने खारिज किए आरोप** : वहीं, इस पूरे मामले को लेकर प्रिंसिपल का कहना है कि उम्र 50 साल हो गई है और 22 साल का मेरा करियर है. इस तरह से कोई भी घटना उन्होंने नहीं की है. किसी भी छात्र के साथ बदतमीजी या इस तरह की घटना को अंजाम भी नहीं दिया है. उन्हें नोडल अधिकारी और सरकार से भी किसी तरह का कोई पत्र नहीं मिला है. उन्होंने कहा कि इस तरह की बात सुनकर चौंक गया हूं. कौन शिकायत करता है, इसकी भी जानकारी नहीं है.

# थाना बीजराड़ पुलिस ने किया 14 महीनों से फरार मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार, 15 हजार का है इनामी, थाना स्तर पर टॉप 10 वांटेड की सूची में है शामिल



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर 14 अप्रैल। बाड़मेर जिले की बीजराड़ थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में करीब 14 महीनों से फरार चल रहे आरोपी रेखाराम जाट पुत्र पुरखाराम निवासी श्रीरामवाला थाना धनाउ को मानवीय सूचना के आधार पर चौहटन के पास से डिटेन कर गिरफ्तार किया है। थाना स्तर पर टॉप टेन वांटेड की सूची में शामिल आरोपी की गिरफ्तारी पर 15 हजार का इनाम घोषित है।

एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि आईजी रेंज जोधपुर के निर्देश पर मादक पदार्थ तस्करी में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन भौकाल चलाया जा रहा है। आरोपी रेखाराम जाट के विरुद्ध 12 फरवरी 2024 को थाना बीजराड़ पर एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें वह घटना के समय से ही फरार चल रहा था।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 15 हजार का इनाम घोषित कर इसे थाना स्तर पर टॉप 10 वांटेड की सूची में शामिल किया गया। जिसकी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस व सीओ जीवन लाल के सुपरविजन एवं एसएचओ मगाराम के नेतृत्व में टीम गठित द्वारा तलाश शुरू की गई। आरोपी गुजरात, महाराष्ट्र एवं अपने रिश्तेदारी में फरारी काट रहा था तकनीकी मदद से पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी महाराष्ट्र से चौहटन होते हुए बाड़मेर जाएगा। इसके बाद मानवीव सूचना के तहत आरोपी का पीछा करते सोमवार को चौहटन के पास से गिरफ्तार किया गया।

इस कार्रवाई में कांस्टेबल बाबूलाल व हनुमान राम की विशेष भूमिका रही। टीम में कांस्टेबल आईदान सिंह व रताराम भी शामिल थे।

# उदयपुर की पहाड़ियों बनी भूमाफियाओं की जागीर, जेसीबी का चला तांडव, अवैध कटिंग, पहाड़ की हत्या के बाद ही क्यों जागता है प्रशासन???



**24 न्यूज़ अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। क्या उदयपुर की पहाड़ियाँ अब माफियाओं की जागीर बन चुकी हैं? सवाल इसलिए क्योंकि मोरवानिया क्षेत्र में जिस अंदाज़ में पहाड़ी को काटा गया, वो न सिर्फ प्रकृति का अपमान है, बल्कि कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाने का दुस्साहस भी है। मौके पर जब प्रशासन पहुंचा, तब तक पहाड़ छलनी हो चुका था। अगर यह प्रशासनिक रवैया है तो फिर उसकी जरूरत ही क्या है? सवाल यह है कि इतने बड़े मशीनी लवाजमे के साथ जमीन माफिया मौके पर पहुंचा कैसे? 10 जेसीबी, 10 पोकलेन और 10 डंपरों का एक पूरा बेड़ा। क्याये सब चुपचाप उड़कर पहुंच गया? प्रशासन को भनक तक नहीं लगी? उसका खुफिया तंत्र क्या कर रहा है?? क्या वाकई भनक नहीं लगी... या लगने नहीं दी गई? या फिर ऐसा करने का नाटक करने के लिए कहा गया??

## क्या थी प्रशासन की भूमिका?

जब अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया, तो वहाँ पर्ल रियल मार्ट और आकार बिल्ड स्टेट प्रा. लि. नाम की दो कंपनियां लाखों वर्गफीट क्षेत्र में बहुमंज़िला इमारतों के लिए पहाड़ी को काट रही थीं। साथ ही, औद्योगिक ज़ोन की जमीन पर निजी लाभ के लिए एक कृत्रिम तालाब का निर्माण किया जा रहा थाकृएक ऐसी झील जिसे बनाने के लिए लाखों टन पहाड़ खोदा गया। प्रकृति का गला घोंट दिया गया। प्रश्न गंभीर है गंभीर अब कि क्या यह सब बिना प्रशासनिक सांठगांठ के संभव है? 'हिल पॉलिसी' और कोर्ट के आदेश की अवहेलना यह कृत्य न सिर्फ 'हिल पॉलिसी' का उल्लंघन है, बल्कि राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा जारी स्पष्ट आदेशों की भी अवमानना है, जिसमें झील संरक्षण व पहाड़ी कटिंग पर सख्त प्रतिबंध है। फिर भी निर्माण जारी रहा। क्यों? किसके इशारे पर? कौन है वो शख्स या ताकत जो प्रशासन से भी ऊपर है? जब आम नागरिक को एक छोटी सी दीवार खड़ी करने से पहले भी अनुमति लेनी पड़ती है, तो करोड़ों के निर्माण और पहाड़ों की खुदाई का यह घोटाला किसके भरोसे चल रहा था? कौन हैं ये बेखौफ कंपनियां? और क्यों प्रशासन की आंखें बंद थीं जब पहाड़ खोदे जा रहे थे? क्या सिर्फ रुकवाना ही काफी है? कार्रवाई कब होगी? प्रशासन ने मौके पर जाकर कटिंग को रुकवाया, मशीनें हटवाईं। लेकिन क्या इतना ही काफ़ी है? यूडीए के अधिकारी कहां थे जब यह निर्माण चल रहा था? बड़गांव तहसील प्रशासन इतनी बड़ी हलचल से अनजान कैसे रहा? क्या इन कंपनियों पर एफआईआर दर्ज होगी? या फिर कुछ समय बाद वही काम फिर शुरू हो जाएगा, और सबकुछ 'समझ' लिया जाएगा? प्रशासन की चुप्पी, पर्यावरण की हत्या उदयपुर की पहाड़ियां न सिर्फ शहर की खूबसूरती हैं, बल्कि भूगर्भीय, पारिस्थितिक और सांस्कृतिक धरोहर भी हैं। यदि इसपर भी आंखें मूंदी गईं, तो फिर विकास नहीं विनाश होगा। अब जनता को जवाब चाहिए। क्या दोषियों पर कार्रवाई होगी, या कानून फिर से माफिया के पैरों तले रौंदा जाएगा?

# बांसवाड़ा में गोवंश तस्करी का आरोप, पुलिस एस्कॉर्ट पर उठे सवाल




**24 न्यूज़ अपडेट**

बांसवाड़ा. नागौर से मध्यप्रदेश ले जाए जा रहे 80 गोवंश से भरे 8 ट्रकों को बांसवाड़ा बॉर्डर पर एमपी प्रशासन ने रोक दिया। इसके बाद ट्रकों को जिले के तलवाड़ा स्थित गोवर्धन गोशाला में शिफ्ट किया गया। इस दौरान गोरक्षकों ने विरोध जताया और आरोप लगाया कि ट्रकों में गोवंश को अमानवीय ढंग से भरकर ले जाया जा रहा था। **सांसद और साध्वी ने जताई आपत्तिः** बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत ने आरोप लगाया कि ट्रक ड्राइवरों के पास मिर्ची पाउडर और हथियार मिले हैं, और यह एक बड़े तस्करी गिरोह का हिस्सा हो सकता है जो कथित तौर पर सरकारी संरक्षण में संचालित हो रहा है। कथावाचक साध्वी श्रद्धा गोपाल सरस्वती ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि यह वैध परिवहन था तो प्रशासन बार-बार बयान क्यों बदल रहा है? उन्होंने दावा किया कि अब तक 52 ट्रकों में 388 गोवंश छुड़ाए गए हैं। **पुलिस का पक्षः** बांसवाड़ा एसपी हर्षवर्धन अगरवाला ने सफाई दी कि पशुपालक नागौर मेले से अपने पशुओं को मध्यप्रदेश के मेले में ले जा रहे थे। बॉर्डर पर वाहन परमिट नहीं दिखा पाने के कारण ट्रकों को रोकना पड़ा। डीएसपी गोपीचंद मीणा ने बताया कि ट्रकों को एस्कॉर्ट करने के पीछे उद्देश्य यह था कि रास्ते में कोई अनहोनी न हो।

## गोशाला अध्यक्ष का बयान

गोवर्धन गोशाला अध्यक्ष जयंत द्विवेदी ने आशंका जताई कि इतने बड़े स्तर पर गोवंश का ट्रांसपोर्ट किसी मेले के लिए नहीं किया जा सकता। एमपी पुलिस ने ट्रकों की एंट्री न देकर तस्करी की आशंका को पुख्ता किया।

# भीलवाड़ा में अवैध बजरी स्टॉक पर पुलिस की रेडः225 डंपर अवैध स्टॉक सीज, खनिज विभाग ने लिया एक्शन



**24 न्यूज़ अपडेट**

अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ भीलवाड़ा जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत गुलाबपुरा,रायला और शंभूगढ़ थाना पुलिस की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देकर अवैध बजरी स्टॉक को सीज किया है । एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि भीलवाड़ा जिले में अवैध बजरी खनन परिवहन और माफिया के विरुद्ध लगातार कार्रवाइयों अंजाम दिया जा रहा है । इसी के तहत एडिशनल एसपी शाहपुरा राजेश आर्य के नेतृत्व में सीओ गुलाबपुरा जितेंद्र सिंह तहसीलदार हुरडा रणवीर सिंह लोकल प्रशासन, शंभूगढ़, गुलाबपुरा और रायला की टीमों ने कार्रवाई की। खारी नदी के पास डोला का खेड़ा, रेरा व रेरा की झोपड़ियां के आसपास नदी और चारागाह भूमि में अवैध बजरी स्टॉक की सूचना पर कार्रवाई को अंजाम देकर 200 से 225 अवैध बजरी स्टॉक को सीज किया है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने खनिज विभाग को सूचित किया है । खनिज विभाग द्वारा अवैध स्टॉक के संबंध में कार्रवाई की जा रही है।

# प्रदेश में शराब की नई दरों की सूची जारीःबीयर, व्हिस्की सहित अंग्रेजी ब्रांड में 5% बढ़ोत्तरी, कुछ की दरें घटाई



**24 न्यूज़ अपडेट**

आबकारी विभाग उदयपुर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश में शराब की नई दरों की सूची जारी कर दी है। बीयर, व्हिस्की सहित विभिन्न अंग्रेजी ब्रांड की शराब में 5 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी की गई है। वहीं, कुछ ब्रांड में इतनी ही दर घटाई भी गई है। विभाग की वेबसाइट iems.rajasthan.gov.in पर आमजन 'पब्लिक सेक्शन' में जाकर 'एप्रूव्ड रेट लिस्ट' विकल्प में नई दरें देख सकते हैं।

प्रदेश में लाइसेंस से संचालित सभी शराब की दुकानों पर यह दरें आज से लागू हो गई है। जानकारी अनुसार प्रत्येक शराब दुकानदार को अपने दुकान पर शराब की नई लिस्ट चस्पा करनी होगी। साथ नई एमआरपी रेट पर ही शराब बेचनी होगी।

अगर कोई दुकानदार एमआरपी से ज्यादा पैसे वसूलता है तो आमजन द्वारा इसकी शिकायत आबकारी विभाग में की जा सकती है। जिसके बाद दुकानदार के खिलाफ विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# उदयपुर संसदीय क्षेत्र में उदयपुर जिले के 136 गांव और सलूम्बर के 59 गांव जुड़ेंगे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में



**24 न्यूज़ अपडेट**

सांसद मन्नालाल रावत के प्रयास लाये रंगः 464 किमी डामरीकरण सड़क से जुड़ेंगे 195 गांव

तीन साल में 195 गांव जुड़ेंगे डामरीकरण सड़क सेः सांसद रावत

उदयपुर, 15 अप्रैल। उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर उदयपुर लोकसभा क्षेत्र में 195 गांवों के डामरीकरण सड़क के प्रस्ताव भारत सरकार से स्वीकृत करवाकर क्षेत्रवासियो को लाभान्वित किया है। इनमें उदयपुर जिले के 136 एवं सलूम्बर जिले के 59 गांव शामिल हैं। उदयपुर जिले में बडगांव ब्लॉक के 4 गांवों में कुल 03.05 किमी, देवला ब्लॉक के 7 गांवों में 20.64 किमी, गिर्वा ब्लॉक के 17 गांवों में 34.20 किमी, गोगुन्दा ब्लॉक के 18 गांवों में 32.50 किमी, झाडोल ब्लॉक के 9 गांवों में 24.10 किमी, खेरवाड़ा ब्लॉक के 13 गांवों में 27.90 किमी, कोटड़ा ब्लॉक के 5 गांवों में 12.50 किमी, नयागांव ब्लॉक के 16 गांवों में 43.50 किमी, फलासिया ब्लॉक के 20 गांवों में 49.75 किमी, रिषभदेव ब्लॉक के 15 गांवों में 49.50 किमी और सायरा ब्लॉक 12 गांवों 37.70 किमी सड़क के प्रस्ताव पारित हुए हैं। इसी प्रकार सलूम्बर जिले में सराड़ा ब्लॉक के 4 गांवों में कुल 7.10 किमी, जयसमन्द ब्लॉक के 10 गांवों में 22.30 कि.मी., सेमारी ब्लॉक के 5 गांवों में 12.20 किमी, लसाड़िया ब्लॉक के 14 गांवों में 39.30 किमी, झल्लारा ब्लॉक के 13 गांवों में 23.50 किमी और सलूम्बर ब्लॉक के 13 गांवों में 25.20 किमी के सड़क के प्रस्ताव पारित हुए। इन सभी सड़क कार्यों पर लगभग 347 करोड़ का खर्च आएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में डामरीकरण सड़क स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, सांसद मन्नालाल रावत का समस्त क्षेत्रवासियो की तरफ से आभार धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस का आगाज मंगलवार से, पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा भव्य समारोह




**24 न्यूज़ अपडेट**

जयपुर 14 अप्रैल। इस वर्ष प्रदेश में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह 16 अप्रैल 2025 को राज्य स्तर, रेंज, जिला, यूनिट, प्रशिक्षण संस्थान स्तर पर हर वर्ष की भाँति धूमधाम से मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी में किया जा रहा है।

महानिदेशक पुलिस श्री उत्कल रंजन साहू ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह की श्रंखला में मंगलवार 15 अप्रैल को बच्चों की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिनके विजेता एवं उनके अभिभावकों को बुधवार को मुख्य समारोह में आमंत्रित किया जायेगा। 15 व 16 अप्रैल, 2025 को सभी पुलिस कार्यालयों व परिसरों में सफाई व पौधारोपण किया जाएगा।

डीजीपी श्री साहू ने बताया कि चयनित थानों में स्कूल के बच्चों का भ्रमण व प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर, पुलिस लाईन आयुक्तालय, जयपुर व जयपुर ग्रामीण पुलिस लाईन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में जयपुर स्थित पुलिस कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों व स्वयंसेवकों के द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया जाए।

श्री साहू ने बताया कि राज्य में रेंज मुख्यालय, जिला, यूनिट एवं प्रशिक्षण संस्थान में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार व बुधवार को स्वच्छता कार्यक्रम, पौधारोपण, रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके अन्तर्गत रेंज व जिला पुलिस के सभी कार्यालयों, पुलिस लाईन्स, पुलिस थानों, पुलिस चौकियों में साफ-सफाई व पौधारोपण किया जाना है। इस दौरान जिला पुलिस लाईनों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाए।

मंगलवार की संध्या पर जिला पुलिस लाईन, आरएसी बटालियन मुख्यालय एवं प्रशिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिसके अन्तर्गत खेलकूद, वाद-विवाद, कविता वाचन, नृत्य प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित व भाग लेने के लिए पुलिस कार्मिकों के परिवारजनों को भी आमन्त्रित किया जायेगा। इस समारोह में पुलिसकार्मिकों के बच्चे, जिन्होंने खेलकूद, पढाई एवं अन्य गतिविधि में अच्छा योगदान / अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें पुलिस अधीक्षक या कमाण्डेन्ट द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# वंडर सीमेंट द्वारा महिलाओं हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**24 न्यूज़ अपडेट**

वंडर सीमेंट के *नीव इनीशिएटिव के तहत वंडर सीमेंट रूरल डवलपमेंट सेंटर में दिनांक 10 से 12 अप्रेल 2025 तक कंपनी के यूनिट हेड श्री नितिन जैन के निर्देशन में संचालित आरोग्यम कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, महिला सशक्तिकरण हेतु जागरूक करने के लिए तीन दिवसीय माँ की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन हुआ।* जिसमें जतन संस्थान उदयपुर के निदेशक श्री कैलाश बृजवासी एवं सहयोगी महिला प्रशिक्षक द्वारा माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

*यूनिट हैड श्री नितिन जैन ने अवगत कराया की प्रशिक्षण कार्यक्रम में वंडर सीमेंट परियोजना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुरा, बांसा, फलवा, लसड़ावन, सांगरिया, भट्टकोटड़ी, बडोली माधोसिंह, फाचर अहिरान एवं कारुण्डा की महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया एवं स्वयं एवं अपने परिवार के पोषण, स्वास्थ्य का ध्यान रखने तथा स्वयं की योग्यताओं को पहचान कर आत्मविश्वास के साथ स्वरोजगार की और अग्रसर होने व साइबर धोखाधड़ी से कैसे बचा जाये साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए इको-फ्रेंडली बेबी नेपि व कपड़े के सैनेटरी पैड बनाने का प्रशिक्षण लिया*

उल्लेखनीय है की वंडर सीमेंट लि. द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को जागरूक करने के लिए *सिलाई, बुनाइ, कढ़ाई का प्रशिक्षण एवं माँ कि पाठशाला में पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, घर, सड़क, गाँव पर सुरक्षा व दैनिक जीवन में काम आने वाली डिजिटल सुरक्षा, वित्तीय साक्षरता जैसे कार्यक्रम आयोजित कर वंडर सीमेंट रूरल डवलपमेंट सेंटर पर स्थित हुनर उत्पादन एवं प्रशिक्षण केंद्र पर स्वरोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा हैं।* कंपनी द्वारा संचालित जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ लेते हुए महिलायें आत्मनिर्भर होकर स्वालंबन की और अग्रसर हो रही है तथा रोजगार प्राप्त कर अपनी और अपने *परिवार की आय वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए विकसित भारत के संकल्प में अपना योगदान दे रही है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।